इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

(सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका)

वर्ष 2015

पिलानी | अप्रैल 2015 | वर्ष 4, अंक 14 | (नि:शुल्क वितरण के लिए)

समस्त सीएसआईआर - सीरी परिवार को नवसंवत्सर 2072 की हार्दिक शुभकामना

विभिन्न आयोजन

✓ **गणतंत्र दिवस समारोह**

26 जनवरी 2015 को संस्थान में राष्ट्र का **66वाँ गणतंत्र दिवस** मनाया गया। संस्थान के मुख्य लॉन में आयोजित समारोह में संस्थान के सहकर्मी व उनके परिजनों के अतिरिक्त कॉलोनी व नगरवासी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने झाँकियों, पीटी, योग-व्यायाम, नृत्य, परेड, बैंड प्रदर्शन आदि मनोरम प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। डॉ चंद्रशेखर, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने संस्थान सहकर्मियों व उपस्थित जनसमुदाय को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इससे पूर्व गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सांध्य फेरी का आयोजन भी किया गया जिसमें निदेशक महोदय के नेतृत्व में संस्थान के सहकर्मियों व उनके परिजनों ने देश भक्ति गीत गाए तथा शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

✓ **शहीद दिवस**

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्य तिथि, 30 जनवरी 2015, को संस्थान में शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। सभी सहकर्मियों ने प्रात: 11 बजे अपने-अपने कार्य-स्थल पर 2 मिनट का मौन रख कर देश की स्वतंत्रता, एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

✓ **ईटर-इंडिया व सीएसआईआर-सीरी की संयुक्त वैज्ञानिक गोष्ठी**

दिनांक 23-24 फरवरी 2015 को सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय संगठन इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेन्टल रिएक्टर (ईटर) की भारतीय एजेन्सी ईटर-इंडिया के उच्च स्तरीय वैज्ञानिक प्रतिनिधिमंडल तथा सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के वैज्ञानिकों की दो-दिवसीय संयुक्त वैज्ञानिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ईटर-इंडिया तथा सीएसआईआर-सीरी के बीच आपसी सहयोग स्थापित कर राष्ट्र हित में ईटर-इंडिया के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सहयोग की संभावनाएँ तलाशना था। इस महत्वपूर्ण गोष्ठी में ईटर-इंडिया के परियोजना निदेशक डॉ शिशिर देशपांडे सहित 11 वैज्ञानिकों तथा सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिकों एवं अन्य नामित सहकर्मियों ने प्रतिभागिता की।

✓ **विज्ञान दिवस**

28 फरवरी 2015 को संस्थान में विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें इंडियन फ़िज़िक्स ऐसोसिएशन, पिलानी चैप्टर के तत्वावधान में दिनांक 28 फरवरी 2015 को सीरी विद्या मंदिर में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य श्री एस के शर्मा ने पुरस्कृत किया।

परियोजना समीक्षा बैठक

5 फरवरी 2015 को शॉर्ट लेंग्थ टीडब्ल्युटी 140 परियोजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (स्पेस एप्लिकेशन सेन्टर), अहमदाबाद के वैज्ञानिक श्री जे पी जोशी, प्रमुख, ईटीएडी तथा श्री बी डी मेहता,उप-परियोजना निदेशक, ईटीएडी सहित संस्थान के निदेशक डॉ चंद्रशेखर, डॉ विष्णु श्रीवास्तव, अध्यक्ष, सूक्ष्म तरंग नलिका विभाग तथा विभाग के अन्य वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहकर्मी सम्मिलित हुए। बैठक में परियोजना की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। डॉ एस के घोष, प्रधान वैज्ञानिक, ने परियोजना पर विस्तृत तकनीकी प्रस्तुतीकरण दिया।

आमंत्रित व्याख्यान / संबोधन

✓ **विषय** – एसपीटीएस मेम्स प्रॉसेस टेक्नोलॉजीज़
वक्ता – श्री इयान राइट, एसपीटीएस टेक्नोलॉजीज़, सिंगापुर
दिनांक – 7 जनवरी 2015

✓ **वक्ता** – प्रो. एन चंद्रकुमार, आईआईटी-चेन्नै
विषय – माइक्रोवेव डिवाइसेज़ फॉर ईपीआर एंड डीएनपी एंड द इन्सट्रूमेन्टेशन ऑफ मैग्नेटिक रेज़ोनेन्स : एनएमआर, ईपीआर एंडडायनेमिक न्यूक्लियर पोलराइजेशन
दिनांक – 23 जनवरी 2015

✓ **विषय** – फ़िजियोथैरेपी के लाभ

वक्ता – डॉ जितेन्द्र कुमार मौर्य, एल एन बिरला प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग केंद्र, पिलानी

दिनांक : 18 फरवरी 2015

पेटेन्ट

✓ **फाइल हुए पेटेन्ट**

शीर्षक – ए नॉवेल डाई इलेक्ट्रिक बैरियर डिस्चार्ज(DBD) बेस्ड पोर्टेबल यूवी/वीयूवी सोर्स फॉर वाटर डिसइन्फेक्शन

शोधकर्ता – डॉ राम प्रकाश, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अन्य

अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय सम्मेलन/सेमिनार में प्रतिभागिता/पत्र प्रस्तुतीकरण/प्रकाशन

1. **सम्मेलन** – 28वीं इंटरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन वीएलएसआई डिजाइन एंड 14वीं इंटरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन एम्बेडेड सिस्टम्स **स्थान** – बैंगलूरू **दिनांक** – 3-7 जनवरी 2015

   शोधपत्र –1)एन एफपीजीए-बेस्ड आर्किटेक्चर फॉर लोकल सिमिलेरिटी मेज़र फॉर इमेज/विडियो प्रोसेसिंग एप्लिकेशन्स

   2) आर्किटेक्चर्स फॉर एम्बेडेड विज़न एप्लिकेशन यूजिंग एफपीजीए-बेस्ड प्लैटफॉर्म

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री जय गोपाल पांडेय, वैज्ञानिक

2. **सम्मेलन** – इंटरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन फाउंडेशन्स एंड फ्रंटियर्स इन कंप्यूटर, कम्युनिकेशन एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग **(C2E2-2015)** **स्थान** – पश्चिम बंगाल

   दिनांक – 9-10 जनवरी 2015

   शोधपत्र –(i) डिजाइन फॉर इलेक्ट्रॉन गन एंड फोकसिंग सिस्टम फॉर डब्ल्यू-बैंड फोल्डेड वेवगाइड टीडब्ल्यूटी

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – सुश्री मर्सीलता, वैज्ञानिक

   (ii) मॉडलिंग ऑफ को-एक्सियल कूपियर फॉर **Ka** बैंड हेलिक्स ट्रेवलिंग-वेव ट्यूब

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री रक्तिम गुहा, प्रशिक्षणार्थी

   (iii) डिज़ाइन ऑफ आर एफ सेक्शन फॉर एक्स बैंड शीट बीम क्लायस्ट्रॉन

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – सुश्री इंदुमती, पीजीआरपीई छात्रा

   (iv) इंडक्टिव आउटपुट ट्यूब : ए प्रॉमिसिंग माइक्रोवेव सोर्स फॉर हाई पावर एप्लिकेशनन्स

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – सुश्री मीनू कौशिक, एसआरएफ

   (v) डिजाइनएंड डेवलपमेन्ट ऑफ टेस्ट कलेक्टर यूज़्ड इन ए मैग्नेट्रॉन इंजेक्शन गन असेम्बली ऑफ ए जायरोट्रॉन

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – सुश्री सुधा गुप्ता

   प्रतिभागिता–श्री नीरज कुमार, वैज्ञानिक तथा डॉ एच रहमान

3. **सम्मेलन -** आईईईई 9वीं इंटरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन इंटेलिजेंट सिस्टम्स एंड कंट्रोल **(ISCO-2015)**

   स्थान – कोयंबटूर, तमिलनाडु **दिनांक** – 9-10 जनवरी 2015

   शोध पत्र – 1) आईईईई 802.15.4 कंप्लायंट एफिशिएंट फिजिकल लेयर इंप्लिमेंटेशन ऑन **TI MSP-EXP430F5438** बोर्ड एंड सीसी2520 ट्रांसीवर

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री वाई प्रताप, एस पी एफ

   शोध पत्र – 2) इंप्लिमेंटेशन ऑफ ए डब्ल्यूएसएन सिस्टम टुवर्ड्स **SHM** ऑफ सिविल बिल्डिंग स्ट्रक्चर्स

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री एम नरेश बाबू, एस पी एफ

4. **सम्मेलन** – आईईईई इंटरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक्स, सिग्नल्स, कम्युनिकेशन एंड ऑप्टिमाइजेशन **(IEEE-EESCO-2015)**

   स्थान – विशाखापट्टनम **दिनांक** – 24-25 जनवरी 2015

   शोधपत्र – 1) लिनियर एंड नॉन-लिनियर कंट्रोल स्ट्रैटेजी फॉर फुल ब्रिज बक कन्वर्टर

   वक्ता/ प्रस्तुतकर्ता – श्री अभिषेक आनंद, पीएचडी छात्र

   शोधपत्र – 2) ए लो-कॉस्ट रोबस्ट डिजिटल सिग्नल एनालाइज़र फॉर मेज़रमेन्ट एप्लिकेशन्स

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, पी एफ

   शोधपत्र – 3) डिज़ाइन ऑफ सिंगल पोल बल्क माइक्रोमशीन्ड हाई डेप्थ कैविटी फिल्टर

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता : सुश्री नेहा शुक्ला, पी एफ

5. **सम्मेलन** - इंटरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन सिग्नल प्रोसेसिंग एंड इंटीग्रेटेड नेटवर्क्स **(SPIN)** **स्थान** – ऐमिटी युनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश **दिनांक** – 19-20 फरवरी 2015

   शोध पत्र - कम्पैरिजन ऑफ टू स्पीच कम्युनिकेशन कोड्स फॉर ट्रांसमिटिंग वॉइस/स्पीच ओवर ज़िगबी

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री अभिनव शर्मा, पी एफ

6. **सम्मेलन** – बाइलिंगुअल इंटरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी : यस्टरडे, टुडे एंड टुमॉरो

   स्थान – डीआरडीओ, नई दिल्ली

   दिनांक – 19-21 फरवरी 2015

   शोध पत्र i) - मेज़रमेन्ट, क्लासिफिकेशन एंड आइडेन्टिफिकेशन मेथड्स एंड टेक्नीक्स ऑफ फूड एंड बेवरेजेज़ इन न्यू एरा

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री संतोष कुमार, वैज्ञानिक

   शोध पत्र ii) डिजाइन ऑफ डीएमएलटी फेज़ शिफ्टर विद लार्ज ट्यूनिंग रेन्ज यूजिंग सिम्मेट्रिक टॉगल स्विच फॉर एक्स एंड केयू बैंड एप्लिकेशन्स

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – सुश्री शिल्पी पांडे

7. **सम्मेलन** – द्वितीय इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन फिजिक्स एंड टेक्नोलॉजी ऑफ सेंसर्स **स्थान** – **पुणे**

दिनांक – 8 - 10 मार्च 2015

शोध पत्र – डिज़ाइन कंसिडरेशन्स, फैब्रिकेशन एंड कैरैक्टराइजेशन ऑफ ए पॉलिसिलिकन पीज़ो रेज़िस्टिव एब्सोल्यूट प्रेशर सेन्सर विद बल्क माइक्रोमशीन्ड डायाफ्राम

वक्ता/प्रस्तुतकर्ता - श्री एम संतोष कुमार, वैज्ञानिक

शोध पत्र – 2) (i) टेम्परेचर ड्रिफ्ट एनालिसिस ऑफ इसफेट यूजिंग ऑन-चिप फैब्रिकेटेड मॉसफेट

(ii) सिमुलेशन, फैब्रिकेशन एंड कैरैक्टराइजेशन ऑफ ड्यूअल गेट मॉसफेट टेस्ट स्ट्रक्चर्स

वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री सौमेन्दु सिन्हा, पीएचडी छात्र

8. **सम्मेलन** – इन्टरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन इमर्जिंग इन्टरफेसेज़ ऑफ प्लाज़्मा साइंस एंड टेक्नोलॉजी (EIPT-2015) **स्थान** – विक्रम युनिवर्सिटी, उज्जैन **दिनांक** – 9-10 मार्च 2015

   आमंत्रित व्याख्यान – प्लाज़्मा बेस्ड यूवी लाइट सोर्सेज़ फॉर इंडस्ट्रियल एंड मेडिकल एप्लिकेशन्स

   वक्ता – डॉ राम प्रकाश, वरिष्ठ वैज्ञानिक

9. **सम्मेलन** - द्वितीय इंटरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन इनोवेशन्स इन इन्फॉर्मेशन, एम्बेडेड एंड कम्युनिकेशन सिस्टम्स (ICIIECS'15) **स्थान** – कोयंबटूर, तमिलनाडु

   दिनांक – 19-20 मार्च 2015

   शोध पत्र – 1. डिजाइन एंड इम्प्लिमेंटेशन ऑफ वायरलेस रोबोट फॉर फ्लोर क्लीनिंग एप्लिकेशन

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री के विजय राम भारद्वाज, पी एफ

   शोध पत्र – पर्फामेन्स इवेल्युएशन ऑफ कम्प्लीट डेटा ट्रांसफर ऑफ फिजिकल लेयर एकॉर्डिंग टु आईईईई 802.15.4 स्टैंडर्ड

   वक्ता/प्रस्तुतकर्ता – श्री एम नरेश बाबू , पी एफ

   शोध पत्र – हेल्थ मॉनिटरिंग ऑफ बिल्डिंग्ज़ यूजिंग वायरलेस सेन्सर नेटवर्क्स **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री अभिनव शर्मा, पी एफ

विदेश दौरा

अधिकारी का नाम – डॉ राम प्रकाश, वरिष्ठ वैज्ञानिक

दौरा-अवधि – 21 से 29 मार्च 2015

स्थान – इंटरनेशनल सेन्टर फॉर थियोरिटिकल फ़िज़िक्स(ICTP), ट्राइएस्टे, इटली

उद्देश्य – "माडर्न मेथड्स इन प्लाज़्मा स्पेक्ट्रोस्कोपी" विषय पर 23-27 मार्च 2015 तक आईसीटीपी-आइएईए द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यशाला में आमंत्रित व्याख्यान ।

अंतरराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशन

i. **शोध पत्र** – एक्सपेरिमेन्टल इन्वेस्टिगेशन ऑफ ए 1kA/cm^2 शीट बीम प्लाज्मा कैथोड इलेक्ट्रॉन गन

   लेखक – श्री नीरज कुमार, वैज्ञानिक एवं अन्य

   अंतरराष्ट्रीय जर्नल – रिव्यु ऑफ साइंटिफिक इंस्ट्रुमेन्ट्स

ii. **शोध पत्र** – सिमुलेशन एंड एक्सपेरिमेन्टल स्टडीज़ ऑफ 20 kV/200 A पीसीई-गन फॉर डिस्चार्ज करंट एनालिसिस

   लेखक – डॉ यू एन पाल,वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अन्य

   भारतीय जर्नल – फिजिक्स

iii. **शोध पत्र** – पार्टिकल-इन-सेल सिमुलेशन स्टडी ऑफ पीसीई-गन फॉर डिफरेन्ट हॉलो कैथोड अपर्चर साइज़ेज़

   लेखक – डॉ यू एन पाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अन्य

   भारतीय जर्नल – प्योर एंड अप्लाइड फिजिक्स

iv. **शोध पत्र** – टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेन्ट इन प्लाज़्मा असिस्टेड माइक्रोवेव सोर्स ऐट सीएसआईआर-सीरी

   लेखक – श्री नीरज कुमार, वैज्ञानिक एवं अन्य

   अंतरराष्ट्रीय जर्नल – इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी

v. **शोध पत्र** –प्लाज़्मा बेस्ड डबल गैप स्यूडो स्पार्क स्विच फॉर पल्स्ड पावर मॉड्युलेटर्स

   लेखक – डॉ हसीब रहमान, वैज्ञानिक अध्येता एवं अन्य

   अंतरराष्ट्रीय जर्नल – इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी

परियोजना अध्येताओं का प्रस्तुतीकरण

इस तिमाही अवधि के दौरान 33 परियोजना अध्येता/वरिष्ठ परियोजना अध्येताओं ने अपनी-अपनी परियोजनाओं/कार्यों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिए।

विद्यार्थियों का संस्थान भ्रमण

- **शिक्षण संस्था** – आर्यावर्त सीनियर सेकण्डरी स्कूल, आदमपुर दाढ़ी

  दिनांक – 4 फरवरी 2015
- **शिक्षण संस्था** – जयपुर नेशनल युनिवर्सिटी,जयपुर

  दिनांक – 10 फरवरी 2015

औद्योगिक भ्रमण पर संस्थान में आए विद्यार्थियों ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण तथा अनुसंधान सुविधाओं का अवलोकन किया। वैज्ञानिकों ने उन्हें संस्थान की शोध गतिविधियों की जानकारी दी।

राजभाषा गतिविधियाँ

✓ **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में जनवरी-मार्च 2015 तिमाही की बैठक दिनांक 28.01.2015 को आयोजित की गई।

✓ **तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

अक्टूबर-दिसंबर 2014 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट परिषद मुख्यालय भेजी गई।

✓ **हिंदी कार्यशालाएँ**

क) शुद्ध लेखन पर हिंदी कार्यशाला

29 जनवरी 2015 को शुद्ध लेखन पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन विगत 22 जनवरी को हिंदी भाषी सहकर्मियों के लिए आयोजित हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता के परिप्रेक्ष्य में किया गया जिसमें प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए संस्थान के प्रशासनिक व तकनीकी सहकर्मियों, परियोजना कर्मियों, जेआरएफ/एसआरएफ, प्रशिक्षार्थियों आदि के अतिरिक्त अन्य सहकर्मी भी उपस्थित हुए। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को लिखते समय सामान्य रूप से होने वाली त्रुटियों को बताते हुए भाषा को सही व शुद्ध रूप से लिखने के लिए प्रेरित करना था।

ख) भाषा शिक्षण प्रशिक्षणार्थियों के लिए कार्यशाला

दिनांक 11 फरवरी 2015 को प्रबोध पाठ्यक्रम में पंजीकृत सहकर्मियों के लाभार्थ लघु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी अधिकारी द्वारा अध्ययन सामग्री से संबंधित उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर श्री रोहित गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी, ने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण की अनिवार्यता व महत्व पर चर्चा की। उन्होंने सभी प्रशिक्षार्थियों को बताया कि प्रशिक्षण में सरकार व संस्थान का समय, संसाधनों, श्रम व धनराशि का उपयोग हो रहा है, अत: वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें।

✓ **व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम-(प्रबोध पाठ्यक्रम)**

संस्थान में आरंभ किए गए प्रबोध पत्राचार पाठ्यक्रम के प्रशिक्षार्थी-सहकर्मियों के लिए भाषा संबंधी कठिनाइयों को दूर करने के उद्देश्य से 23-24 फरवरी 2015 को व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली से संकाय सदस्य के रूप में श्री पृथ्वी सिंह, संयुक्त निदेशक, श्री वासुदेव सिंह, सहायक निदेशक तथा श्री कमलजीत, एसपीए संस्थान में आए थे। कार्यक्रम के दौरान संकाय सदस्यों ने प्रशिक्षणार्थियों को भाषा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देने के साथ प्रश्नपत्र के प्रारूप पर भी चर्चा की तथा लीला प्रबोध जैसे ऑनलाइन साफ्टवेयर टूल्स से परिचित कराया।

✓ **कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रशिक्षण व लघु कार्यशाला**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली द्वारा चलाए जाने वाले कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रशिक्षण(पत्राचार पाठ्यक्रम) के फरवरी-जुलाई 2015 सत्र के लिए संस्थान द्वारा नामित 14 सहकर्मियों का प्रशिक्षण आरंभ कर पाठ्यक्रम विवरण एवं प्रथम किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के लिए श्री अरविंद खंडेलवाल, तकनीकी सहायक ने कंप्यूटर पर यूनिकोड सक्रियण प्रक्रिया की जानकारी दी।

✓ **हिंदी प्रतियोगिताएँ**

1)	श्रुतलेख(हिंदी भाषी)	22.01.2015
2)	श्रुतलेख (हिंदीतर भाषी)	05.02.2015
3)	निबंध लेखन	24.03.2015

खेल समाचार

सीएलआरआई-चन्नै में 18-20 मार्च 2015 के दौरान आयोजित प्रो. वाई नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेन्ट में संस्थान के डॉ रवि सैनी, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने अखिल भारतीय सीएसआईआर क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में प्रतिनिधित्व किया।

प्रशासनिक समाचार

➢ **अग्निशमन कार्यशालाएँ**

सहकर्मियों को सामान्य, विद्युत एवं रासायनिक आग से परिचित कराने एवं उससे बचाव एवं अग्निशमन की विधियों के संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से मार्च 2015 में विभिन्न प्रभागों में तीन लघु कार्यशालाओं का आयोजन किया गया –

1.	मेम्स एवं माइक्रो सेंसर्स	24.03.2015
2.	प्रकाश इलेक्ट्रॉनिकी समूह	25.03.2015
3.	संवेदक एवं नैनो प्रौद्योगिकी समूह	26.03.2015
4.	संकर सूक्ष्म परिपथ समूह	26.03.2015

कार्यशाला में सुरक्षा अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह ने आग लगने के कारणों, उनके प्रकार, अग्निशमन उपकरणों व विधियों से परिचित कराया तथा उनका जीवंत प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि भविष्य में संस्थान के अन्य प्रभागों/अनुभागों में भी इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

➢ **प्रवेश साक्षात्कार (वाक-इन--इन्टरव्यू)**

परियोजना अध्येता व वरिष्ठ परि. अध्येता के अस्थायी पदों पर विनियोजन के लिए 26 फरवरी 2015 को संस्थान में प्रवेश साक्षात्कार का आयोजन किया गया।

➢ **नई नियुक्तियाँ(अस्थायी)**

पीएफ – 02, एसआरएफ – 01

➢ **सेवानिवृत्तियाँ**

1. डॉ आर के गुप्ता, प्रमुख वैज्ञानिक	31.01.2015
2. श्री आर एन किरोड़ीवाल , वरि. तक. 2	28.02.2015

➢ **स्थानांतरण (अन्य प्रयोगशालाओं/संस्थानों आदि को)**

नाम व पदनाम	प्रयोगशाला/संस्थान	तिथि
सुश्री एच किरणमयी, वैज्ञानिक	सीरी, चेन्नै केंद्र	23.01.2015
श्री रविन्द्र सिंह चौहान, तक.सहा.	सीरी,चेन्नै केंद्र	23.01.2015
श्री एस पी सिंह, अनु.अधि.	आईआईटीआर, लखनऊ	30.01.2015

छायाचित्र-दीर्घा (फोटो गैलरी)

66वें गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्र गान के अवसर पर निदेशक सीएसअसाईआर-सीरी एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण

संयुक्त वैज्ञानिक गोष्ठी में संबोधित करते हुए
डॉ शिशिर देशपांडे, परियोजना निदेशक, ईटर-इंडिया

गणतंत्र दिवस समारोह – सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक

संस्थान-प्रयोगशाला का अवलोकन करते हुए ईटर-इंडिया के वैज्ञानिक

हिंदी कार्यशाला में प्रबोध पाठ्यक्रम के प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए
श्री रोहित गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी

प्रबोध पाइ्यक्रम के अंतर्गत आयोजित व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम



फिजियोथेरेपी पर व्याख्यान देते हुए डॉ जितेन्द्र कुमार मौर्य, एल एन
बिरला प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग केंद्र, पिलानी

अग्निशमन कार्यशाला में सहकर्मियों को जानकारी देते हुए
श्री वीरेन्द्र सिंह, सुरक्षा अधिकारी,सीएसआईआर-सीरी, पिलानी

संरक्षक - डॉ चंद्रशेखर, निदेशक **संपादक** - रमेश बौरा, हिंदी अधिकारी **सहयोग** - वेद प्रकाश रोहिल, निजी सचिव